## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली कि नहीं हुई पहचान

सुकमा (आरएनएस)। सोमवार को सुकमा जिला किस्टारम थाना क्षेत्र साकलेर के जंगलो में पुलिस नक्सली मुठभेड़ हुई थी, जिसमें दो जवान शहीद हो गए थे। मुठभेड़ में 5 महिला और 3 पुरुष समेत 8 वर्दीधारी नक्सली ढेर हुए थे। मुठभेड़ के तुरंत बाद नक्सलियों कि पहचान होने के बाद सभी थानों में सूचना दे दी गई थी। 7 नक्सलियों के परिजन नक्सलियों के शव को लेकर चले गए। इसमें मुठभेड़ में एक महिला नक्सली कि पहचान नहीं हुई।

### इस महीने छह दिन लगातार बंद रहेंगे बैंक

बिलासपुर (आरएनएस)। आइबीए व यूएफबीयू के बीच 11वें वेतन समझौते की वार्ता में सकारात्मक प्रस्ताव नहीं मिला। इससे नाराज बैंक संगठनों ने 21 व 26 दिसंबर तक अखिल भारतीय बैंक हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इस दौरान शहर समेत संभाग के बैंक भी बंद रहेंगे, जिससे ग्राहकों को परेशानी हो सकती है।

### न्यू ईयर व क्रिसमस पर आधा घंटा ही फोड़ सकेंगे पटाखे

बिलासपुर (आरएनएस)। प्रदूषण के बढ़ते ग्राफको देखते हुए पर्यावरण विभाग ने बिलासपुर समेत प्रदेश के छह बड़े शहरों में न्यू ईयर और क्रिसमस पर पटाखे

### तेज रफ्तार कार खंबे से टकराई, युवक की मौत

रायपुर (आरएनएस)। भाठागांव के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खंबे से टकरा जाने के कारण चालक की मौत हो गई। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### एक नक्सली जनमिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र के बुरगुम इलाके से एसटीएफ, डीआरजी की संयुक्त टीम को एक जनमिलिशिया सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। गिरफ्तार नक्सली पर कल ककाड़ी में हुए आइईडी ब्लास्ट में शामिल होने, सड़क खोदने सहित नक्सली सन्तरी का काम करने का आरोप है। गिरफ्तार हिंगा को बुरगुम के दुकापारा से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है।

### देशी कट्टा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। रेलवे स्टेशन के बाहर गेट के सामने देशी कट्टा दिखाकर लोगों के साथ गाली गलोच करने व डराने धमकाने के आरोप में युवक को गंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार शेख शाहरूख 27 वर्ष पिता शेख सत्तार निवासी चुनाभट्ठी गंज को रेलवे स्टेशन गेट नं.02 के पास खड़े होकर राह चलते लोगों को देशी कट्टा दिखाकर डरा धमका रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध रूप से 01 नग देशी कट्टा एंव 01 नग जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

### 35 हजार की अवैध इमारती लकड़ी पकड़ायी

जगदलपुर (आरएनएस)। वन विभाग की टीम ने तलाशी के दौरान ग्राम बड़े कवाली के ग्रामीण के बाड़ी में छुपापकर रखे गए 42 नग अवैध इमारती लकड़ी फारे जप्त किया। इसकी कीमत लगभग 35 हजार रूपए बताया जा रहा है।

# छग के 6 शहरों में पटाखे फोड़ने पर लगा प्रतिबंध

## दो माह के लिए लगा प्रतिबंध

## क्रिसमस और नववर्ष में पटाखे फोड़ने पर आधे घंटे तक रहेगी छूट



रायपुर (आरएनएस)। ठंड के दिनों में वायू प्रदूषण को बढ़ने से रोकने और वातावरण को निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप बनाए रखने के लिए प्रदेश के 6 बड़े शहरों में पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया है। हाईकोर्ट बिलासपुर ने आज इस संबंध में निर्णय सुनाया है। हालांकि क्रिसमस और नव वर्ष के अवसर पर पटाखे फोड़ने पर कुछ समय के लिए छूट दिया गया है।

ठंड के दिनों में प्रदूषण पर कंट्रोल करने के लिए दो माह के लिए प्रदेश के 6 बड़े शहरों में पटाखें फोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध एक दिसंबर 2018 से 31 जनवरी 2019 तक रहेगा।

हालांकि क्रिसमस और नववर्ष को देखते हुए पटाखे फोड़ने पर कुछ समय के लिए छूट दिया गया है। छूट रात्रि में 11:55 बजे से लेकर 12:30 बजे तक रहेगा।

### इन 6 शहरों में रहेगा प्रतिबंधः

जिन 6 शहरों में पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें क्रमशः रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, दुर्ग, रायगढ़ और कोरबा शामिल है।

# पत्नी को जलाकर मारने वाले कांस्टेबल समेत 6 ससुरालियों को आजीवन कारावास



दुर्ग (आरएनएस)। पत्नी को जलाकर मारने वाले बर्खास्त आरक्षक समेत 6 ससुरालियों को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोषियों को दहेज अधिनियम के तहत भी सजा सुनाई गई। दोषी ससुरालियों ने बहू पर मिट्टीतेल छिड़क कर आग लगा दी थी जिससे उसकी मौत हो गई। मौत से पहले बहू ने मजिस्ट्रियल बयान दिया था, जिसमें उसने पति और ससुरालियों के करतूत का खुलासा किया था। अभियुक्तों ने बहू की हत्या सिर्फ इसलिए की थी कि वह उन्हें पसंद नहीं थी। पुलिस ने पति देवेन्द्र मारकंडेय, ससुर भगतराम, सास सुखबती, जेठ कमलेश, जेठानी सुनीता और देवर जागेश्वर के खिलाफ चालान पेश किया था। मामले की सुनवाई तृतीय अपर सत्र न्यायालय में हुई। न्यायालय ने दोष प्रमाणित होने पर सभी को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं 498 ए के तहत 3-3 साल कारावास की सजा सुनाई। दोनों ही मामलों में 100-100 रुपए अर्थदंड लगाया। अर्थदंड नहीं देने पर 1-1 माह अतिरिक्त कारावास की सजा भी भुगतनी होगी। कातुलबोड़ दुर्ग निवासी बर्खास्त आरक्षक देवेन्द्र मारकंडेय (33) का विवाह वर्ष 2011 में भिलाई सेक्टर-6 निवासी प्रेमशीला (28 ) के साथ हुआ था। मृतक विवाहिता प्रेमशीला द्वारा पुलिस को दिए गए बयान के मुताबिक पति देवेन्द्र और ससुराल के लोग उसे व उसके व्यवहार को पसंद नहीं करते थे। 17 मार्च 2016 को वह मॉर्निंग वॉक और फूल तोड़कर लौटी तो पति देवेन्द्र ने उससे मारपीट की और ससुराल के लोगों ने एकराय होकर मिट्टी तेल छिड़ककर आग लगा दी। वह गंभीर रूप से झुलस गई। उसे जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां 24 मार्च को उसने दम तोड़ दिया। इसके पहले उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पुलिस ने मजिस्ट्रियल बयान कराया।

# दही है गुणकारी सौंदर्य प्रसाधन



दही से आपकी त्वचा में नई रंगत व चमक आती है। दही के साथ आप बेसन या चोकर मिलाकर भी चेहरे पर लगा सकती हैं। इस प्रकार दही का एक गुणकारी सौंदर्य प्रसाधन के रूप में प्रयोग कर आप अपनी त्वचा में निखार ला सकती हैं। अगर आपको अपनी उम्र छुपानी हो तो अपने चेहरे को एकदम दमकता हुआ सा बना लें। कॉस्मेटिक्स से आपके चेहरे की रंगत कुछ समय के लिए बरकरार रह सकती है लेकिन घर में मौजूद प्राकृतिक दही को चेहरे पर लगाने से उसकी रंगत हमेशा बरकरार बनी रहेगी। त्वचा की रंगत निखारने में दही महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। दही खाना ना केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है बल्कि इसे शरीर पर उबटन या किसी फेस पैक में मिला कर भी लगाया जा सकता है। तो ऐसे में चलिये जानते हैं दही का त्वचा पर निखार किस प्रकार से होता है।

मुंहासे से छुटकारा दही में एंटी बैक्टीरियल और एंटी फंगल गुण होते हैं। पिंपल से छुटकारा पाने के लिये दही को सीधे चेहरे पर लगाएं और इसे आधे घण्टे के बाद धो लें।

**झुर्रियां मिटाए**

अगर उम्र से पहले ही झुर्रियों ने अपना प्रकोप फैलाना शुरू कर दिया है तो इनकी रफतार को धीमा कर दें। झुर्रियों को प्राकृतिक तरीके से कम करें जिसके लिये दही का फेस मास्क लगाएं। इसमें मौजूद लैक्टिक एसिड मृत्य कोशिकाओं को दूर कर के पोर्स को टाइट करती हैं।

**रूखी त्वचा के लिये फायेदमंद दही**

यदि आपकी त्वचा रूखी है तो आप आधा कप दही में एक छोटा चम्मच जैतून का तेल तथा एक छोटा चम्मच नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर लगाकर गुनगुने पानी से चेहरा धोने से त्वचा का रूखापन समाप्त हो जाता है।

# ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत, 5 घायल

## भेड़िया नवागांव की घटना

बालोद (आरएनएस)। मिंजाई करते समय ट्रेक्टर पलटने से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचारार्थ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक व्यक्ति की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना इतनी तेजी से और भयंकर रूप से हुई कि ट्रेक्टर में दबे युवक को बचाया नहीं जा सका। इस घटना के बाद गांव में मातम पसर गया। घटना शनिवार दोपहर की बताई गई है।

बालोद जिला मुख्यालय से 13 किमी दूर ग्राम भेडिया़ नवागांव में थ्रेसर सहित ट्रेक्टर पलट गया। ट्रेक्टर पलटते ही तीन लोग दूर छिटक गए और तीन दब गए। जिसमें से दो लोग को किसी तरह बाहर निकाल लिया गया। एक युवक ट्रेक्टर में ही दबा रहा जिससे उसकी मौत हो गई।

बताया जाता है कि ड्राइवर की लापरवाही की वजह से यह घटना हुई है।


जानकारी के मुताबिक ग्राम भेडिया़ नावगांव निवासी अशोक, डोमेश्वर, टीकम, खुश्लेश, सुमन, रामजी और जितेंद्र सभी थ्रेसर में धान मिंजाई करने गए थे। दोपहर 3 बजे घर आते समय गांव के तालाब पार के पास ट्रेक्टर और उसमें लगे थ्रेसर पलट गया। ट्रेक्टर में सवार अशोक, डोमेश्वर व खुश्लेश दूर छिटक गए, वहीं रामजी, टीकम और सुमन ट्रेक्टर के इंजन में ही दब गए।

टीकम और रामजी को किसी तरह खींचकर बहार निकाला गया, सुमन की दबने से मौत हो गई। घायलों को इलाज के लिए निजी वाहन से जिला अस्पताल बालोद ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही बालोद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रेक्टर में दबे मृत युवक को देर शाम तक निकाला गया।

# 11 दिसंबर को सुबह 8 बजे शुरू होगी मतगणना

जगदलपुर (आरएनएस)। विधानसभा निर्वाचन-2018 के अंतर्गत मतदान सफलतापूर्वक संपन्न होने के पश्चात मतगणना की व्यापक तैयारियां भी सुनिश्चित की जा रही है। मतगणना स्थल जगदलपुर के धरमपुरा स्थित शासकीय कन्या पालिटेक्निक कॉलेज में बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा के मतों की गणना की जाएगी। मतों की गिनती सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना के लिए 14-14 टेबलों की व्यवस्था रहेगी।

# एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 1 लाख 50 हजार रुपये पार



रायपुर (आरएनएस)। एटीएम से पैसा निकालने गई युवती को मदद के बहाने व्यक्ति ने एटीएम बदलकर 1 लाख 50 हजार रुपये खाते से निकाल लिया। प्रार्थिया की मोबाईल पर मैसेज आने के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मनीषा नाग 35 वर्ष पिता हरिचरण निवासी पंकज विक्रम अपार्टमेंट कटोरातालाब सिविल लाईन ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 28 व 29 नवंबर को कचहरी चौक के पास एटीएम के पास मौदहापारा में एटीएम मशीन से पैसा निकालने के दौरान पैसा नहीं निकलने पर बाजू में खड़ा व्यक्ति ने मदद के बहाने एटीएम कार्ड बद लिया व खाते से 1 लाख 50 हजार रुपये निकाल ली। प्रार्थिया के मोबाइल पर मैसेजे आने के बाद खाते से रुपये निकालने की जानकारी मिलते ही प्रार्थिया ने मौदहापारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

# तेरे ते में नजर आएंगी जारा यासमिन



अभिनेत्री-मॉडल जारा जरा यासमिन का कहना है कि टी-सीरीज द्वारा निर्मित गुरु रंधावा के गीत तेरे ते में फिल्माया जाना उनके लिए एक शानदार मौका है। जारा ने तेरे ते के प्रचार के दौरान संवाददाताओं से यह बात कही। यह गुरु द्वारा गाया गया है और जारा व इक्का पर फिल्माया गया है। यह वी और अभिजीत वाघानी द्वारा रचित है।

अभिनेत्री ने कहा, यह पहली बार है जब मैंने एक गीत के लिए बतौर अभिनेत्री गुरु रंधावा से हाथ मिलाया। यह एक डांस नंबर है और यह गुरु के अन्य गीतों से काफी अलग है। इसे मेलविन लुई द्वारा कोरियोग्राफ किया गया है और गिफ्टी ने इसका निर्देशन किया है। हम सभी ने इस गीत को बनाने में काफी मेहनत की है। यह सभी पार्टी करने वाले लोगों के लिए हॉट न्यू ईयर एंथम है।

गुरु ने कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर म्यूजिक वीडियो की पहली झलक साझा की थी। पोस्टर काफी अलग था। जारा ने कहा, गुरु रंधावा एक महान गायक हैं।

पूरी टीम के साथ काम करने का अनुभव काफी अद्भुत रहा है। वे सभी बहुत सहायक है और मुझ जैसी नई प्रतिभाओं को प्रेरित करते हैं। तेरे ते में फिल्माया जाना मेरे लिए टी-सीरीज के साथ काम करने का बेहतरीन मौका था। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को यह पसंद आएगा।

यह गीत भूषण कुमार के जन्मदिन के मौके पर जारी होने की वजह से टी-सीरीज के लिए बहुत खास है।

# अर्जुन कपूर ने शुरू की पानीपत की शूटिंग, साथ नजर आएंगी कृति सैनन



बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर ने निर्देशक आशुतोष गोवारिकर की आगामी फिल्म पानीपत की शूटिंग शुरू कर दी है. अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, आशुतोष सर और हमारी टीम के साथ... एक ऐसी शानदार यात्रा की शुरुआत जो पहले कभी नहीं हुई. एक्ट्रेस कृति सैनन फिल्म में अर्जुन के साथ नजर आएंगी. वह भी फिल्म की शूटिंग शुरू होने को लेकर बहुत उत्साहित हैं.

उन्होंने कहा, हमारी पानीपत की यात्रा आज से शुरू होती है. इस धमाकेदार यात्रा के लिए उत्साहित हूं. दो दिन बाद आप लोगों से जुड़ जाऊंगी. पानीपत का शूट आज शुरू हो रहा है. हिंदी साहित्यकार अशोक चक्रधर ने पानीपत के संवाद लिखे हैं. फिल्म में बताया जाएगा कि पानीपत का तीसरा युद्ध क्यों हुआ. फिल्म का निर्माण सुनीता गोवारिकर विजन वर्ल्ड के सहयोग से अपने होम प्रोडक्शंस एजीपीपीएल के तहत कर रही हैं.

# मैं दो दशकों से उद्योग का हिस्सा रही हूं:जूही परमार



एक बच्ची की मां अभिनेत्री जूही परमार का कहना है कि वह उम्र देखकर भूमिकाएं नहीं चुनतीं और पर्दे पर मां की भूमिका निभाने से उन्हें कोई ऐतराज नहीं है।

टेलीविजन धारावाहिक 'तंत्र' में वह एक बच्ची की मां की भूमिका में दिखेंगी, इसका प्रसारण अगले साल होगा। जूही ने कहा, ''मैं दो दशकों से उद्योग का हिस्सा रही हूं और मेरा सौभाग्य है कि मुझे अब भी टेलीविजन पर मुख्य किरदार और अच्छे काम मिल रहे हैं। जिस तरह के किरदार में चुनती हूं, वो शो की कहानी पर निर्भर होते हैं, मेरे लिए उम्र मायने नहीं रखती।''


उन्होंने कहा, ''चूंकि मैं असली जिंदगी में मां हूं, किरदार की उम्र से शिकायत होने के बजाय मैं शुक्रगुजार हूं कि मुझे अलग-अलग तरह के किरदार मिल रहे हैं।

# गुलजार के साथ फिर से फिल्म करना चाहती हैं तब्बू



अभिनेत्री तब्बू, दिग्गज गीतकार व फिल्मकार गुलजार के साथ फिर से काम करना चाहती हैं। तब्बू माचिस और हू तू तू नामक फिल्मों में गुलजार के साथ काम कर चुकी हैं। तब्बू ने कहा, मेरे पास गुलजार के लिए संदेश है, कृपया कर जल्द ही एक फिल्म बनाएं और मुझे उसमें कास्ट करें। अगर आप एक अभिनेत्री के तौर पर मुझे नहीं रख सकते तो अपनी असिस्टेंट रख लें। एक रेडियो शो में तब्बू आरजे (रेडियो जॉकी) बनीं और इसी दौरान उन्होंने अपनी फिल्मों एवं किरदारों के बारे में बातचीत की।

# छह जीका वायरस एंटीबॉडी से जिका वायरस का इलाज अब संभव



भारतीय मूल के अमेरिकी चिकित्सक के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की एक टीम ने छह जीका वायरस एंटीबॉडी विकसित कर लिये हैं. जो मच्छर से पैदा होने वाली बीमारी के इलाज में मददगार हो सकते हैं. जीका से पिछले कुछ वर्षों में दुनियाभर के 15 लाख से अधिक लोग संक्रमित हो चुके हैं. शिकागो की लोयोला यूनिवर्सिटी के प्राध्यापक रवि दुर्वासुला ने कहा, एंटीबॉडी दो तरह से उपयोगी हो सकता है, पहला तो इसमें जीका वायरस संक्रमण को पहचानने की क्षमता है और दूसरा कि यह आगे चलकर संक्रमण के इलाज के लिए भी उपयोगी हो सकता है.

पिछले कुछ महीनों में राजस्थान और बिहार के कई जगहों पर जीका वायरस का आतंक देखा गया. जयपुर में 22 से ज्यादा लोगों में जीका वायरस का संक्रमण पाया गया था. अभी तक इस वायरस का कोई टीका नहीं था और न ही कोई उपचार. इस संक्रमण से पीड़ित लोगों को दर्द में आराम देने के लिए पैरासिटामॉल (एसिटामिनोफेन) दी जा रही थी. लेकिन एक